तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **दीनदयाल बनाम** **लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ. अपील संख्या 39/2024	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
07/06/2024	अपीलार्थी दीनदयाल निवासी 3ए, चंचल वाटिका, बेनाड रोड़, झोटवाडा, जयपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 15.04.2024 में उनके द्वारा ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 353807630456251 से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) ने जरिये पत्रांक 1807 दिनांक 15.05.2024 को बतलाया कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना कोषाधिकारी फलोदी से संबंधित होने के कारण प्रार्थी का आवेदन पत्र सूचना का अधिकार की धारा 6(3) के तहत कोषाधिकारी फलोदी को जरिये पत्रांक 1720 दिनांक 16.04.2024 को अंतरित कर दिया गया। आवेदन अंतरण की सूचना प्रार्थी को जरिये पत्रांक 1721 दिनांक 16.04.2024 से प्रेषित की गई। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना के स्पष्टीकरण/अंतरण से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर जिला कलक्टर जोधपुर (राज.)	